साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था, अपने क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता में **प्रकाशन सहायक (अनारक्षित)** पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है।

पदों की संख्या : एक (अनारक्षित)

वेतनमान : पे बैंड - ।।/9,300-34,800/ग्रेड पे-4200

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य

1. स्नातक अथवा समकक्ष योग्यता।
2. मुद्रण में डिप्लोमा अथवा
   पुस्तक प्रकाशन से संबद्ध मुद्रणालय, प्रकाशन गृह अथवा किसी सरकारी उपक्रम में कार्य करने का पाँच वर्षों का अनुभव।
3. पुस्तक के मुद्रण तथा प्रकाशन की विभिन्न प्रक्रियाओं का ज्ञान।
4. एक अथवा अधिक भाषाओं तथा साहित्य संबंधी ज्ञान तथा साहित्यिक कार्यों को करने की क्षमता।
5. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

आयु सीमा : 30 वर्ष (भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु-सीमा में छूट)

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन कृपया उचित माध्यम से भेजें। पदस्थ को भारत के किसी भी भाग में स्थित साहित्य अकादेमी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।

आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/ कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ हमारी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों के भीतर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर "**प्रकाशन सहायक (अनारक्षित) पद हेतु आवेदन**" अंकित होना चाहिए। ई-मेल द्वारा अथवा ज़रूरी प्रमाण-पत्रों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/35/2016

प्रकाशन तिथि : 24 दिसंबर 2016

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 23 जनवरी 2017